नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


3 सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई पूर्णत: स्वस्थ


4 हल नहीं हुआ ईरान के नये शासन का मसला


9 ईरान युद्ध की स्थिति से तय शेयर बाजार की चाल


11 गुलर के गोल से रियल मैड्रिड की जीत

# पांच राज्यों में बजा चुनावी बिगुल

## चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी, आदर्श आचार संहिता लागू

**824** विधानसभा सीटों पर डाले जाएंगे वोट

**2.19** लाख मतदान केंद्र बनेंगे

**17.4** करोड़ मतदाता करेंगे मतदान

**25** लाख चुनाव अधिकारी और कर्मचारी होंगे तैनात




**नई दिल्ली, 15 मार्च. चुनाव आयोग ने रविवार को असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अहम जानकारियां साझा की.**

असम, केरल और पुडुचेरी में एक चरण में 9 अप्रैल को चुनाव होंगे. वहीं, पश्चिम बंगाल में दो चरणों में 23 और 29 अप्रैल को मतदान होगा. जबकि, तमिलनाडु में एक चरण में 23 अप्रैल को मतदान होगा. इन सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश के चुनावों के नतीजे 4 मई को जारी किए जाएंगे. पांचों राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में चुनाव की घोषणा होने के साथ ही तत्काल प्रभाव से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है.

मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने बताया कि आयोग ने पिछले कुछ दिनों में सभी चुनावी राज्यों का दौरा कर तैयारियों की समीक्षा की है और राजनीतिक दलों, अधिकारियों तथा मतदाताओं से बातचीत की है. चुनाव आयोग की टीम ने इन राज्यों में जाकर विधानसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया. इस दौरान सभी राजनीतिक दलों से मुलाकात कर उनके सुझाव भी लिए गए. साथ ही प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों, राज्य निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस महानिदेशकों से भी विस्तृत चर्चा की गई. उन्होंने बताया कि आयोग ने युवाओं और पहली बार मतदान करने जा रहे मतदाताओं से भी संवाद किया. इसके अलावा चुनाव प्रक्रिया को सुचारू बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) के काम की भी सराहना की गई. सीईसी ने युवाओं से विशेष अपील करते हुए कहा कि वे अपने मताधिकार का गर्व और जिम्मेदारी के साथ इस्तेमाल करें. उन्होंने कहा, मैं युवाओं से कहना चाहता हूं कि अब आप एक बेहद महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने जा रहे हैं, मतदान का अधिकार. अपने वोट का इस्तेमाल गर्व और जिम्मेदारी के साथ करें.

> सीईसी ज्ञानेश कुमार ने कहा कि ये पांचों राज्य और केंद्र शासित प्रदेश भौगोलिक और सांस्कृतिक रूप से एक-दूसरे से काफी अलग हैं. ऐसे में निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कराया गया, जिससे कोई भी योग्य मतदाता वोट देने से वंचित न रह जाए और कोई अयोग्य व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो सके.

### कहां-कितनी सीटों पर होगा चुनाव

| राज्य | सीटें |
|---|---|
| प. बंगाल | 294 |
| तमिलनाडु | 234 |
| असम | 126 |
| केरल | 140 |
| पुडुचेरी | 30 |

**कब-कहां होंगे चुनाव**

- 9 अप्रैल को एक चरण में असम, केरल और पुडुचेरी में
- 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में पश्चिम बंगाल में
- 23 अप्रैल को मतदान एक चरण में तमिलनाडु में
- 4 मई को जारी किए जाएंगे नतीजे



# 14.13 करोड़ का सोना चांदी और नकदी बरामद

- सोना तस्करी गिरोह का भंडाफोड़
- सोना लेकर आए व्यक्ति और रिसीवर दोनों गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 15 मार्च (वार्ता) राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने दिल्ली और कोलकाता के बीच सक्रिय एक संगठित सोना तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है. मौके पर ही सोना लेकर आए व्यक्ति और रिसीवर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया. दोनों से पूछताछ के बाद जांच दिल्ली के अन्य ठिकानों तक पहुंची.**

कार्रवाई के दौरान एजेंसी ने 14.13 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का सोना, चांदी और भारतीय मुद्रा बरामद कर छह लोगों को गिरफ्तार किया है. एजेंसी की ओर से जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, बरामदगी में 8,286.81 ग्राम सोना शामिल है, जिसकी कीमत लगभग 13.41 करोड़ रुपये बताई गई है. इसके अलावा 7,350.4 ग्राम चांदी जिसकी कीमत करीब 19.67 लाख रुपये है और 51.74 लाख रुपये की भारतीय नकदी भी जब्त की गई है. यह कार्रवाई सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत की गई है. डीआरआई को मिली विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर यह ऑपरेशन शुरू किया गया था.

### एक नजर में




#### एयर इंडिया को मिली लंबी दूरी में अस्थायी राहत

**नई दिल्ली.** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने पश्चिम एशिया में हवाई क्षेत्र संबंधी प्रतिबंधों के मद्देनजर एयर इंडिया को पायलट के ड्यूटी संबंधी नियमों में अस्थायी छूट प्रदान की है. सूत्रों ने बताया कि नियामक ने दो पायलट वाले ऑपरेशन के लिए फ्लाइट के अधिकतम समय को 10 घंटे से बढ़ाकर 11.30 घंटे कर दिया है. फ्लाइट ड्यूटी अवधि की अधिकतम सीमा भी 13 घंटे से बढ़ाकर 14 घंटे 45 मिनट कर दी गई है. यह छूट इस बात को देखते हुए दी गई है कि ईरान और इराक में हवाई क्षेत्र संबंधी प्रतिबंधों के एयर इंडिया की यूरोप और अमेरिका जाने वाली उड़ानों को लंबा रास्ता लेना होता है. यह छूट 30 अप्रैल तक के लिए दी गई है. छूट जिन उड़ानों के लिए मान्य होगी, उनके बारे में जानकारी एयरलाइंस को अलग से दी जायेगी.

#### एनएचएआई का एनुअल पास 75 रुपये महंगा

**नई दिल्ली.** एनएचएआई का एनुअल पास महंगा हो गया है. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए इसकी फीस में 75 रुपये का इजाफा किया है. इस बढ़ोतरी के साथ यह 3,075 रुपये हो गया है. एनएचएआई ने रविवार को यह जानकारी दी. यह बदलाव एक अप्रैल, 2026 से लागू होगा. एनएचएआई ने बताया कि एनुअल पास फैसिलिटी 15 अगस्त, 2025 को शुरू की गई थी. इसका मकसद राष्ट्रीय राजमार्गों का इस्तेमाल करने वाले यात्रियों को आर्थिक राहत मुहैया कराना था.

# बिरला ने धैर्य और संतुलन का दिया परिचय

- पीएम मोदी ने अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने के बाद लिखा पत्र
- लोकसभा अध्यक्ष ने भी पीएम का आभार किया व्यक्त





**नई दिल्ली, 15 मार्च. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने के बाद रविवार को पत्र लिख कर उनके संयमित और निष्पक्ष संचालन की सराहना की है.**

पीएम मोदी ने अपने पत्र में कहा कि संसद के भीतर लोकतांत्रिक परंपराओं और मर्यादाओं को बनाए रखने में अध्यक्ष की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है और हालिया घटनाक्रम में उन्होंने इसे प्रभावी ढंग से निभाया है. इस पत्र के जवाब में लोस बिरला ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि पीएम का पत्र भारतीय संसदीय लोकतंत्र के प्रति उनके गहरे विश्वास को दर्शाता है.

पीएम मोदी ने अपने पत्र में लिखा कि लोकसभा में बिरला के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव सदन में खारिज हो गया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि संसद ने विपक्ष के इस कदम को स्वीकार नहीं किया. उन्होंने कहा कि सदन के संचालन में अध्यक्ष के तौर पर बिरला ने जिस संतुलन, धैर्य और स्पष्टता का परिचय दिया, वह संसदीय परंपराओं के अनुरूप और अत्यंत सराहनीय है.

अध्यक्ष बिरला ने अपने जवाब में कहा कि प्रधानमंत्री का संदेश दलगत सीमाओं से ऊपर उठकर संसद, राज्य विधानमंडलों और स्थानीय निकायों के सभी जनप्रतिनिधियों को लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए प्रेरित करेगा.

# प्रदेश के नगरीय निकायों में बनेंगे 'गीता भवन'

## बोले सीएम- 5 वर्षीय कार्ययोजना के वर्ष 2026-27 के लिए 60 करोड़ का प्रावधान



**भोपाल, 15 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि इंदौर और जबलपुर की तर्ज पर प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में गीता भवन बनाए जा रहे हैं. गीता भवन के माध्यम से दार्शनिक वातावरण निर्मित करने का प्रयास है. इन केन्द्रों में युवा पीढ़ी को गीता के निष्काम कर्म और भारतीय मूल्यों से जोड़ने और शोधार्थियों के लिए विशेष संसाधन उपलब्ध कराना गीता भवन का मुख्य उद्देश्य है.**

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना को विस्तार देने के लिए गीता भवन परियोजना को अब वृहद स्वरूप प्रदान किया जा रहा है. प्रदेश के सभी 413 शहरों में गीता भवन निर्माण की योजना के लिए 5 वर्षीय कार्ययोजना के वर्ष 2026-27 के लिए 60 करोड़ का प्रावधान किया गया है. इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में भारतीय दर्शन, कला और साहित्यिक विमर्श के लिए एक आधुनिक अवसंरचना तैयार करना है. इंदौर और जबलपुर में निर्मित गीता भवन की सफलता को आधार मानते हुए अब इस मॉडल को पूरे प्रदेश में लागू किया जा रहा है.

योजना के क्रियान्वयन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति करते हुए विभाग ने चार प्रमुख शहरों में ब्राउनफील्ड प्रोजेक्ट्स को तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर दी है. इनमें रीवा (5 करोड़ रुपये), छिंदवाड़ा (2.5 करोड़ रुपये), कटनी (2.4 करोड़ रुपये) तथा खंडवा (2 करोड़ रुपये) शामिल हैं.

> **सुविधाओं से सुसज्जित होंगे सांस्कृतिक केंद्र**
>
> प्रत्येक गीता भवन को एक बहुउद्देश्यीय केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है. इसके प्रमुख घटकों में अत्याधुनिक ऑडिटोरियम- वृहद स्तर पर सांस्कृतिक एवं वैचारिक आयोजनों के लिए ज्ञान का केंद्र ज्ञानार्जन के लिए समृद्ध लाइब्रेरी एवं हाई-टेक ई-लाइब्रेरी. व्यावसायिक एवं जन-सुविधाएं: कैफेटेरिया और विशेष रूप से पुस्तकों एवं आध्यात्मिक सामग्री के लिए समर्पित विक्रय केंद्र शामिल हैं.

# बिना गारंटी और हर्जाने के युद्ध का अंत संभव नहीं : ईरान



**तेहरान, 15 मार्च.ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि मौजूदा युद्ध का अंत तभी संभव है जब इस बात की पुख्ता गारंटी दी जाए कि हमले दोबारा नहीं दोहराए जाएंगे.श्री अराघची ने एक प्रमुख अरबी समाचार पत्र अल-अरबी अल-जदीद से बातचीत के दौरान स्पष्ट किया कि युद्ध का अंत तभी संभव है जब इस बात की पुख्ता गारंटी दी जाए कि हमले दोबारा नहीं दोहराए जाएंगे.**

इसके साथ ही उन्होंने संघर्ष के दौरान हुए नुकसान के लिए हर्जाने या मुआवजे के भुगतान की मांग भी उठाई है.श्री अराघची ने क्षेत्रीय देशों के साथ मिलकर एक संयुक्त जांच समिति बनाने का प्रस्ताव भी दिया है जो क्षेत्र में हुए हमलों की बारीकी से जांच कर सके.ईरानी विदेश मंत्री ने अपने बयान में जोर देकर कहा कि तेहरान की सैन्य कार्रवाइयां केवल इस क्षेत्र में स्थित अमेरिकी ठिकानों और हितों तक ही सीमित रही हैं. उन्होंने इस बात का पुरजोर खंडन किया कि ईरान ने पड़ोसी देशों के किसी भी नागरिक या आवासीय क्षेत्र को निशाना बनाया है.

# भारत रत्न देने की मांग को लेकर राहुल ने लिखा मोदी को पत्र




कांशीराम के प्रयासों से भारतीय लोकतंत्र की नींव मजबूत हुई

**नई दिल्ली, 15 मार्च. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर सामाजिक न्याय आंदोलन के महान नेता कांशीराम को मरणोपरांत भारत रत्न देने की मांग की है.**

गांधी ने रविवार को अपने पत्र में कहा कि मान्यवर कांशीराम ने भारतीय राजनीति की दिशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और बहुजन समाज तथा गरीब वर्गों में राजनीतिक चेतना जगाई थी.उनका कहना था कि उनके इन प्रयासों से भारतीय लोकतंत्र की नींव मजबूत हुई और राजनीतिक व्यवस्था अधिक प्रतिनिधिक तथा न्यायपूर्ण बनी.कांग्रेस नेता ने कहा आज जब हम कांशीराम जी की जयंती मना रहे हैं और उनके जीवन तथा योगदान को याद कर रहे हैं.

# सोलर एनर्जी से 40 हजार श्रद्धालुओं को भोजन

- शिर्डी में प्रतिदिन 200 किलो गैस की होती है बचत
- मंत्रालय ने यूनिक मॉडल के रूप में किया सम्मानित



**शिर्डी, 15 मार्च. महाराष्ट्र शिर्डी स्थित श्री साईं बाबा संस्थान ट्रस्ट ने एक अनोखी पहल शुरू की है, जिससे रोजाना 40 हजार श्रद्धालुओं के लिए भोजन तैयार किया जा रहा है. ईरान-इजराइल संघर्ष के कारण वैश्विक ईंधन आपूर्ति पर दबाव बढ़ रहा है, ऐसे में यह सोलर कुकिंग सिस्टम एक आदर्श उदाहरण बन गया है. इस प्रणाली के जरिए रोज लगभग 2,000 किलो खाना पकाया जा रहा है, जिससे 200 किलो गैस की बचत होती है.**

इस सफलता को देखते हुए मिनिस्ट्री ऑफ न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी ने इस प्रोजेक्ट को यूनिक मॉडल के रूप में सम्मानित किया है. हर दिन करीब 75 से 80 हजार श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है. साईं संस्थान के प्रसादालय में श्रद्धालुओं को मुफ्त में भोजन दिया जाता है, जिसमें कुल 40 हजार लोग इसका लाभ उठाते हैं. पहले, इतनी बड़ी मात्रा में भोजन के लिए 1,700 किलो गैस खर्च होती थी, जो कि संस्थान पर भारी आर्थिक बोझ डालती थी.

2009 में, ऊर्जा बचत की आवश्यकता को देखते हुए संस्थान के ट्रस्टी मंडल ने सोलर कुकिंग सिस्टम लगाने का निर्णय लिया था.


> प्रसादालय में 150 लीटर क्षमता के 10 बड़े कुकर लगाए गए हैं. इस प्रणाली का उपयोग करते हुए एक समय में 15 क्विंटल चावल, 5 क्विंटल दाल, और 5 क्विंटल सब्जी पकाई जा सकती है. 2009 से 2026 तक की अवधि में इस प्रणाली के माध्यम से संस्थान ने 2 लाख किलो से अधिक गैस की बचत की है, जिससे लगभग 2 करोड़ रुपए की आर्थिक बचत हुई है.

### गुस्ताखी माफ




**असम में गरजे गृहमंत्री** | अमित शाह ने कांग्रेस पार्टी पर लगाए गंभीर आरोप, संसद परिसर में चाय-पकौड़ा खाने के लिए राहुल को घेरा

# कांग्रेस ने सालाना 150 करोड़ का किया गबन



**गुवाहाटी, 15 मार्च. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कांग्रेस पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने राज्य में अपने 15 साल के कार्यकाल के दौरान असम के स्वास्थ्य बजट से हर साल लगभग 150 करोड़ रुपए का गबन किया. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार ने सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को बुरी तरह से कमजोर कर दिया है.**

गुवाहाटी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गृह मंत्री शाह ने कहा कि एक दशक पहले असम में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बेहद खराब थी. उन्होंने इसके लिए कांग्रेस शासन के दौरान हुए कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार को जिम्मेदार ठहराया.

> असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की प्रशंसा करते हुए गृह मंत्री शाह ने कहा कि उनके नेतृत्व में पिछले कुछ वर्षों में राज्य के स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे में महत्वपूर्ण बदलाव आया है. उन्होंने कहा कि असम की चिकित्सा सुविधाएं अब तेजी से गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे अधिक विकसित राज्यों के मानकों के बराबर पहुंच रही हैं.

> गृह मंत्री ने कहा, हम भी विपक्ष में थे और हमने भी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किए थे, लेकिन इसके लिए एक सही मंच होता है. संसद लोकतंत्र की पवित्र जगह है. इसकी सीढ़ियों का इस्तेमाल धरने के लिए भी नहीं किया जाना चाहिए और राहुल गांधी वहां चाय-पकौड़ा खा रहे थे. क्या उन्हें पता नहीं कि नाश्ता कहां करना चाहिए?

# मुठभेड़ में पाकिस्तानी आतंकी ढेर

- उरी में घुसपैठ की बड़ी कोशिश नाकाम
- भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद

**जम्मू, 15 मार्च. जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सुरक्षाबलों ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की एक बड़ी साजिश को विफल कर दिया है. ऑपरेशन डिग्गी 2 के तहत चलाए गए एक संयुक्त अभियान में सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया है.**

जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिली सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर शनिवार और रविवार की दरमियानी रात उरी सेक्टर के बुच्छर इलाके में सेना और पुलिस ने घेराबंदी शुरू की. घने जंगलों का फायदा उठाकर घुसपैठ की कोशिश कर रहे आतंकियों को सतर्क जवानों ने समय रहते भांप लिया. जब आतंकी को रुकने की चुनौती दी गई, तो उसने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी. जवाबी कार्रवाई में एक पाकिस्तानी आतंकी ढेर हो गया. मारे गए आतंकी के पास से एक एके-राइफल, पिस्तौल और भारी मात्रा में कारतूस सहित युद्ध जैसे अन्य सामान बरामद हुए हैं. सुरक्षाबलों का मानना है कि यह आतंकी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के इरादे से सीमा पार से आया था.